हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 22.9 डिग्री

13 पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप



14 अतिक्रमण के खिलाफ निगम ने चलाया अभियान



## खबर संक्षेप

### बीएड के परीक्षा शेड्यूल में बदलाव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय बीएड प्रथम वर्ष के पेपर-पेडागोजी ऑफ फिजिकल साइंसेज, पेडागोजी ऑफ सोशल साइंस तथा पेडागोजी ऑफ कॉमर्स की परीक्षा की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है, इस पेपर की परीक्षा अब 2 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पहले उपरोक्त पेपर की परीक्षा 27 जून को आयोजित की जानी थी, लेकिन अब यह 2 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र और आयोजन समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पहले वाले ही रहेंगे।

### प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार डीन मनोनीत

**रोहतक।** एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के



स्टैच्युट 19 के प्रावधानों के तहत शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र कुमार को फैकल्टी ऑफ एजुकेशन का डीन मनोनीत किया है।कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. जितेन्द्र कुमार की बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन नियुक्ति तुरंत प्रभाव से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### 20 से 10 जुलाई तक एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 20 जून से 10 जुलाई तक यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज के तत्वावधान में सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, सशस्त्र सेना तथा अर्धसैनिक बलों में कॅरियर बनाने के लिए तैयारी करवाई जाएगी। इस संबंध में 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे।

### डिसेबिलिटी स्टडीज 12 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज में संचालित पाठ्यक्रमों- डिप्लोमा इन टीचिंग ऑफ इंडियन साइन लैंग्वेज तथा डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज द्वारा संचालित डिप्लोमा इन टीचिंग ऑफ इंडियन साइन लैंग्वेज की 20 सीटों तथा डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन की 30 सीटों पर एडमिशन के लिए पात्र अभ्यर्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे।

### वाहन चोरी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने गाड़ी चोरी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि सेक्टर-1, निवासी विक्रम की शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 12 अप्रैल को विक्रम ने अपनी गाड़ी को अपने मकान के सामने खड़ा किया था। 13 अप्रैल को सुबह के समय विक्रम को अपनी गाड़ी नहीं मिली। जांच के दौरान 12 जून को एवीटी स्टाफ की टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी योगेश उर्फ काला निवासी जसौर खेडी, बहादुरगढ़ जिला झज्जर व सन्नी निवासी जसौर खेडी, बहादुरगढ़ जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया। 16 जून को आरोपी प्रदीप उर्फ ढिल्ला निवासी जसौर खेडी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से चोरीशुदा व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी समेत चार गाड़ियों को बरामद किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल में भेजा गया है।

## पहरावर गोशाला मामला : ठेकेदार से सवाल-जवाब, चारा-पानी भी जांचा

# गोवंश की मौत मामले की जांच शुरू नगर निगम की टीम पहुंची गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम की पहरावर स्थित गोशाला में गायों की मौत के मामले में जांच शुरू हो गई है। निगम की एक टीम ने गोशाला का निरीक्षण किया और वहां ठेकेदार द्वारा गायों को दिए जा रहे चारे एवं पानी की जांच पड़ताल की। इसके अलावा टीम ने कर्मचारियों से बातचीत की। उनसे पूछा गया कि गायों को किस समय कितना चारा और पानी दिया जा रहा है। इसके अलावा उन्हें शेड के अंदर कब ले जाया जाता है और किस समय बाहर लाया जाता है। साथ ही पशुपालन विभाग के चिकित्सकों से संपर्क कर गायों का समय पर उपचार करवाने के लिए व्यवस्था की गई।

■ टीम ने पशुपालन विभाग के चिकित्सकों से संपर्क कर गोवंश के उपचार की व्यवस्था की

गोशाला का ड्रोन से लिया फोटो



### गोवंश पकड़ने का अभियान रुका

अधिकारियों का कहना है कि जब तक गायों का उपचार नहीं हो जाता तब तक गोवंश पकड़ने के लिए अभियान भी नहीं चलेगा और गोवंश गोशाला में नहीं भेजे जाएंगे। इसके अलावा नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा के आदेशों पर संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। जिसमें निगम के कई अधिकारियों सहित पशुपालन विभाग के चिकित्सक शामिल हैं। वहीं पूरे मामले में जिला प्रशासन ने भी नगर निगम से रिपोर्ट मांगी है।

### गोवंश की मौत मामले ने तूल पकड़ा



नगर निगम की पहरावर गोशाला में सैकड़ों गोवंश की मौत से हड़कंप, जांच कमेटी गठित

नगर निगम ने पहरावर में गोशाला बनाई हुई है। जिसमें शहर में घूमने वाले बेसहारा गोवंश को रखा जाता है। इसका पूरा खर्च निगम द्वारा वहन किया जाता है। ठेकेदार को हर साल टेंडर जारी किया जाता है। इस दौरान एक जून को ही नया टेंडर दिया गया है। जिस समय ठेकेदार ने गोशाला का संचालन शुरू किया, इसमें करीब 2400 गोवंश थे। जून के माह में अचानक गर्मी बढ़ी। इस दौरान अलग अलग वजहों से सैकड़ों गोवंश की मौत हो गई। रोजाना सात से आठ गोवंश की मौत होने लगी तो मामले ने तूल पकड़ लिया।

### गोभक्तों में रोष

गोशाला में गायों की मौत की सूचना मिलने के बाद आसपास के गोभक्तों में भी रोष बना हुआ है। उन्होंने मामले की जांच करवाने एवं गोवंश का सही ढंग से रखरखाव करवाने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है। उन्होंने कहा कि गोवंश की देखरेख में अनदेखी को सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन मामले में कदम उठाए।

## लाखों खर्च के बाद भी कैटल फ्री सांपला का सपना अधूरा



**सांपला।** सड़कों पर घूम रहा बेसहारा गोवंश।

**सांपला।** लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद नगर पालिका अधिकारी बेसहारा पशुओं को आसरा दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इलाके में कस्बे के आसपास के एरिया में करीब आधा दर्जन सहायता प्राप्त गोशालाएं हैं। अधिकारियों का आरोप है कि गोशाला संचालक बेसहारा गायों को गोशालाओं में रखने को तैयार नहीं। आलम यह है कि खुले में घूम रहे बेसहारा गोवंश लोगों के लिए हादसों को सबब बन रहे हैं। दो साल में बेसहारा गोवंश की वजह से कई लोग घायल हो चुके हैं।

### सैकड़ों पर गोवंश

गौरतलब है कि नगर पालिका ने गत वर्ष कस्बे को कैटल फ्री करने का अभियान चलाया था। इस पर पालिका ने लाखों रुपए खर्च किए। आज तक कस्बा कैटल फ्री नहीं हुआ। सैकड़ों बेसहारा गोवंश सड़कों पर घूमते रहते हैं। रात के समय ज्यादा तर गोवंश सड़कों के बीचों-बीच बैठ जाते हैं। जिससे हादसा होने का खतरा रहता है। रविंद्र, पवन कुमार, नरेश कुमार आदि का कहना कि नगर पालिका को हर महीने टैक्स भर रहे हैं। लेकिन सविधा गांव से भी बद्तर है। पिछले कई वर्ष से लोगों कस्बे को कैटल फ्री करने की मांग कर रहे हैं।

पिछले वर्ष निगम ने कुछ ही गोवंश पकड़े थे। अभियान बीच में ही बंद कर दिया। अभी कस्बे की सड़कों पर सैकड़ो गोवंश घूम रहे हैं।

### गोशाला संचालक रखने को तैयार नहीं

नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार का कहना है कि पिछले वर्ष का टेंडर खत्म हो चुका है। उन्होंने करीब 500 गोवंश पकड़े गए थे। इस बार नया टैंडर लगा दिया है। लेकिन कोई भी गोशाला संचालक इन गोवंश को लेने के लिए तैयार नहीं है।

## बरसात का मौसम आया ...




**रोहतक।** शहर के सुभाष चौक व मान सरोवर पार्क पर बारिश का नजारा।

# बिजनेस पार्टनरों की कहासुनी में चले चाकू एक घायल, वारदात सीसीटीवी में हुई कैद

**रोहतक।** शहर में एक दुकान पर बैठे दो पार्टनरों के बीच आपस में कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें एक युवक घायल हो गया। इस दौरान दुकान में अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। साथ ही अन्य साथियों ने घायल युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल की पहचान मधुर मोहन पाहवा निवासी शिव इन्क्लेव के रूप में हुई। मधुर मोहन ने बताया कि उसने नवीन बजाज के साथ राम नगर में खेलकूद के सामान का साझेदारी में व्यापार कर रखा है। पिछले एक माह से गढ़ी मोहल्ला में दुकान की पार्टनरशिप अलग करने को लेकर बात हो रही है। इसी के चलते दोनों के बीच कहासुनी हुई और नवीन ने उसके ऊपर चाकू से हमला किया। वहीं सूचना पाकर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मधुर मोहन ने बताया कि जब दोनों बात कर रहे थे तो इसी दौरान हरीश कुमार को मौके पर बुलाया गया। बातचीत के दौरान नवीन बजाज आवेश में आ गया और टेबल पर रखे चाकू से उसके ऊपर वार करना शुरू कर दिया। नवीन ने उसकी गर्दन, पीठ और बांय कंधे पर चाकू से वार किए। इसके बाद भी आरोपी मारपीट कर रहा था। हरीश ने बीच बचाव करते हुए उसे छुड़वाया। मधुर मोहन ने बताया कि आरोपी नवीन बजाज से जब चाकू नीचे गिराया गया तो आरोपी उसके पीछे बेसबाल का बल्ला लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ पड़ा। आरोपी दुकान के गल्ले से 5 लाख रुपये निकालकर फरार हो गया। मधुर मोहन ने बताया कि जिस समय आरोपी नवीन बजाज ने उसके ऊपर चाकू और बेसबाल के बल्ले से जानलेवा हमला किया था, वो पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

■ घायल अस्पताल में भर्ती, जांच में जुटी पुलिस



**रोहतक।** वारदात की सीसीटीवी फुटेज।

## एसीबी ने भ्रष्टाचार के आरोप में तहसील के क्लर्क मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया

रोहतक। एसीबी की टीम ने भ्रष्टाचार के मामले में तहसील रोहतक से क्लर्क आरोपी मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को 18 जून को को कोर्ट में पेश किया जाएगा। शिकायतकर्ता ने एसीबी रोहतक को दी शिकातय मेंआरोप लगाया कि उसकी माता के नाम मॉडल टाउन रोहतक में 160 गज की एक दुकान रजिस्टर्ड है। उसकी माता इस दुकान की डीड का स्थानान्तरण उसके नाम करवाना चाहती है। इस संबंध में वह प्रवीण शर्मा, नायब तहसीलदार रोहतक व मंजीत, रजिस्ट्री कलर्क (रीडर तहसीलदार) से तहसील कार्यालय रोहतक में मिला। उनके द्वारा उसको साहिल डीड राइटर चैंबर न. 33 तहसील परिसर रोहतक से मिलने के लिए कहा गया। जब वह चैंबर न. 33 में जाकर साहिल से मिला तो साहिल ने उससे कहा कि प्रवीण कुमार नायब तहसीलदार व मंजीत क्लर्क उसकी माता के नाम से उसके नाम दुकान की डीड करवाने की एवज में उससे 1,80,000 रुपये नकद बतौर रिश्वत की मांग कर रहे है। साहिल द्वारा यह भी कहा गया कि अगर वह रिश्वत देगा तो वह उसकी दुकान की डीड उसके नाम करवा देगा। आरोपी साहिल को शिकायतकर्ता से 1 लाख रुपये नकद बतौर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## मदवि में अजब- गजब

### बिलों को लेकर कई दिन से प्रधान व कोषाध्यक्ष में रार

# गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने हैंडलूम दुकान से खरीद डाली मिठाई व पैन

## ■ कुछ साल पहले तिरंगा यात्रा में आर्गेनिक सेब बांटने का मामला भी हुआ था चर्चित

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक


खरीदारी को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का मुकाबला इस देश में शायद ही कोई कर पाए। गत 31 जनवरी को संघ प्रधान के नाम से बने 4800 रुपये के बिल में हैंडलूम की दुकान से 3 कंबल 4050 रुपये में, मिठाई 500 और 250 रुपये के पैन खरीद गए हैं। हैरत तो ये है कि हैंडलूम की दुकान का नाम पता भी नहीं है। ऐसे में अब पेंच ये फंस गया है कि संघ भुगतान करे तो किसे करे। संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. विजयपाल धनखड़ कह रहे हैं कि जो कंबल, मिठाई और पैन खरीदकर लाया है, मैं उसे अपनी जेब से पैसों की अदायगी कर सकता हूं कि सिर्फ दुकान का पता दें। ध्यान रहे कि बिलों को लेकर ही बीते पंद्रह बीस दिन से प्रधान अनिल मल्होत्रा और कोषाध्यक्ष में रार बनी हुई है। कोषाध्यक्ष सवाल खड़े करते हैं और फिर प्रधान मल्होत्रा को उस पर सफाई देनी पड़ती है।

### आरोप-प्रत्यारोप

चैक पर प्रधान और कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर होते हैं। लेकिन पिछले दिनों कोषाध्यक्ष ने प्रधान पर आरोप लगाए थे कि एक डेढ़ लाख रुपये चैक पर मेरे हस्ताक्षर हुए बिना निकलवा लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि जो पैसा निकाला गया है, वह प्रधान ने तीन चार बार में विड्राल फार्म से निकाला है।

एक बार में विड्राल फार्म से 50 हजार रुपये से ज्यादा नहीं निकाले जा सकते हैं। ये आरबीआई की गाइडलाइन हैं। वहीं तीन चार साल पहले विश्वविद्यालय ने तिरंगा यात्रा का आयोजन आजादी के पर्व पर किया था। इसमें शामिल होने वाले छात्रों/कर्मचारियों के खाने के लिए हिमाचल प्रदेश से संपूर्ण स्वास्थ्यवर्धक कथित आर्गेनिक सेब आई। ये कौन लेकर आया था, ये सभी जानते हैं। लेकिन बवाल तो तब मचा कि प्रतिभागियों को सेब नहीं दी गई। ऐसे आरोप उस समय प्रतिभागियों ने लगाए थे। खरीद-फरोख्त का बवाल हुआ तो अढ़ाई पौने तीन लाख रुपये का भुगतान यूनिवर्सिटी ने नहीं किया। हालांकि यूनिवर्सिटी भुगतान करने को तैयार नहीं थे। लेकिन विवाद होने के बाद भुगतान लेने वाला विश्वविद्यालय को ढूढा नहीं मिला था। अब गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने हैंडलूम की दुकान से ही कंबलों के साथ साथ मिठाई और पैन खरीद डाले।

### किसने की खरीदारी



| Qnty | PARTICULARS | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| 3 | Blanket | 1350 | 4050 |
| 1 | Sweets | 500 | 500 |
| 1 | Pen | 250 | 250 |

कंबल, मिठाई और पैन की खरीदारी किसने की। इसको लेकर कर्मचारियों में हर रोज चर्चा होती है कि आखिरकार संघ में ऐसा कौनसा व्यक्ति है जो हैंडलूम की दुकान से ही ये तीनों चीज खरीद लाया। संघ कोई भी खरीदारी करता है तो उसका बिल बनता है। इसके भुगतान की बकायदा एक प्रकिया हैं। उसे फॉलो करके ही संघ के बैंक खाते से पैसे निकलवाए जाते हैं।

### मैंने बिल को स्वीकृत करने से मना किया



इस बिल को मैंने बतौर कोषाध्यक्ष स्वीकृत करने से मना कर दिया था। ये अकेला बिल नहीं है कई और आर्थिक गड़बड़झाले इस समय किए जा रहे हैं। समय आने पर सभी का खुलासा किया जाएगा। फर्जी बिल का भुगतान किया गया है या नहीं है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

-**डॉ. विजयपाल धनखड़**, कोषाध्यक्ष गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, मदवि

### ये मुद्दा भी गर्माया था

### चादरों का मामला भी उठा था

बताया जा रहा है कि संघ में ही कुछ समय पहले चादरों का मामला भी प्रकाश में आया था। संघ हर साल कर्मचारियों के खेल करवाता है। हालांकि इस खेल नहीं करवाए गए। खेलों के विजेताओं को पुरस्कार के तौर पर चादर दी जाती हैं। बताया जा रहा है कि विजेताओं के हिसाब से ज्यादा चादर बांट दी गई। एक कर्मचारी ने इस पर सवाल खड़े किए। और आरटीआई के तहत जानकारी मांग ली। लेकिन मामले में गड़बड़झाला उजागर होने लगा तो दूसरे कर्मचारियों ने कहा कि इससे संघ की छीछालेदर होगी, इसलिए मामले को रफा-दफा करवाए जाए। बाद में मामला खत्म हुआ।

# 63 हजार की ठगी के मामले में आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने 63 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सिविल लाइन पीएसआई अंकिता ने बताया कि 27 मार्च को प्राइवेट कंपनी खाना प्ले जॉन में कार्यरत मैनेजर राजेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

### ये था मामला

जांच में सामने आया कि खाना प्ले जॉन कम्पनी ने 63 हजार रुपये का केरला से कोई सामान मंगवाने के लिये ट्रांसपोर्ट कंपनी वीआरएल लॉजिस्टिक से सम्पर्क किया। ट्रांसपोर्ट कम्पनी ने सामान पहुंचाने से पहले 18900 रुपये पेय करने बारे कहा। खाना प्ले जॉन कम्पनी ने उनके कहे अनुसार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद बकाया रकम की मांग करते हुए 12600 रुपये और ट्रांसफर कर दिए। ट्रांसपोर्ट कम्पनी वीआरएल लॉजिस्टिक्स कम्पनी ने बाकी बकाया रकम पहले पेय करने बारे कहा और उसके बाद माल भेजने की बात कही। कंपनी ने बकाया राशि उनके खाते मे 31500 ट्रांसफर कर दी। ट्रांसपोर्ट कम्पनी वीआरएल लॉजिस्टिक्स ने कुछ देर बाद व्हाट्सएप पर चैट को डिलीट कर दिया और कोई जबाब नहीं दिया।

जांच के दौरान 16 जून को आरोपी पवन निवासी मॉडल टाउन पानीपत को गिरफ्तार किया हुआ है। आरोपी ने अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड कमीशन पर दिया हुआ था।



■ पुलिस ने आरोपी पवन को पानीपत से गिरफ्तार किया, आरोपी ने अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड कमीशन पर दिया हुआ था



# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।




हॉलीवुड मसाला

# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग



**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटीटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे मैं लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप



### प्रत्येक बूथ पर पच्चीस पौधे लगाए जाएंगे-ढाका

**रोहतक।** बीजेपी जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा है कि पांच जून से पांच अगस्त तक चलाएं जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत अन्य के अतिरिक्त हर बूथ पर पच्चीस पच्चीस पौधे लगाए जाएंगे ताकि रोहतक जिला पर्यावरण संरक्षण में दूसरे जिलों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन सके। वे मंगलवार को सिंचाई विश्राम गृह में अपने हाथों से पौधा लगाकर उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दृष्टिगत भावी पीढ़ी के जीवन संरक्षण के लिए धरती को पेड़ लगाकर हरा भरा करना समय की ज्वलंत मांग है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ही नहीं बल्कि सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे वृक्षारोपण एवं सीड बाल के माध्यम से सघन पोधरोपण करें।

### अवैध ठेके को एक्साईज व पुलिस ने किया सील

**रोहतक।** आबकारी विभाग और पुलिस ने सुखपुरा चौक के पास अवैध रूप से चल रहे शराब के ठेके पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया। ठेके के अंदर रखे स्टॉक को जब्त किया गया। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, अवैध रूप से शराब बेचने वाले की पहचान नीतेश कुमार निवासी कानपुर यूपी के रूप में हुई। आरोपी खोखराकोट के नाम से ठेका चला था, जबकि उसके पास इसका लाइसेंस नहीं था। अधिकारियों का कहना है कि एक्साइज पॉलिसी के तहत अभी यह ठेका किसी को अलॉट नहीं किया गया है।

### वोकल पर फॉर लोकल की शपथ दिलाई

**बहादुरगढ़।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश द्वारा वोकल फॉर लोकल शपथ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी ने शिरकत की। बहादुरगढ़ से पूर्व पार्षद जसबीर सैनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि देश में बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने, व्यापार में लेन-देन प्रक्रिया में भारतीय प्रणाली को महत्व देने व मोदी सरकार की वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रचार व प्रसार के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### जेएलएन में मिले शवों का करवाया पोस्टमार्टम

**झज्जर।** पुलिस द्वारा क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर स्थित पंप हाऊस व बेरी क्षेत्र से गुजरने वाली जेएलएन में मिले शवों का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। बता दें कि बीती पन्द्रह जून को अकेहड़ी मदनपुर पंप हाऊस से एक युवक का शव मिला था। पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने जब पानी बहते हुए शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकवाते हुए उसे नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया था।

## पूर्व छात्र होते हैं किसी भी संस्थान की पूंजी : कुलपति

# एमडीयू शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र संघ का एलुमनी सेल में विलय

**विवि की एलुमनी एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं**



रोहतक। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को पंजीकरण के लिए 94518 रुपए का चेक सौपते पूर्व छात्र एसोसिएशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र संघ को विश्वविद्यालय की एलुमनी एसोसिएशन में औपचारिक रूप से विलय कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण कदम को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल बताया है, जो विश्वविद्यालय और उसके पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की पूंजी होते हैं। शिक्षा विभाग के एलुमनी संघ का विश्वविद्यालय की एलुमनी एसोसिएशन में समायोजन एक स्वागत योग्य कदम है, जिससे साझा मंच पर विचारों, संसाधनों और अवसरों का आदान-प्रदान और बेहतर ढंग से हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय की एलुमनी एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनमें डिजिटल एलुमनी पोर्टल, विभागीय एलुमनी प्रतिनिधि प्रणाली और वार्षिक एलुमनी मीट शामिल हैं। एमडीयू के गणित विभाग के अध्यक्ष तथा निदेशक, एलुमनाई रिलेशन्स प्रो. सुमित गिल ने बताया कि इस विलय से शिक्षा विभाग के पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय के व्यापक नेटवर्क से जोड़ने का अवसर मिलेगा और वे अब एमडीयू की विभिन्न शैक्षणिक व सह-पाठयक्रम गतिविधियों में अधिक सशक्त रूप से भागीदारी कर सकेंगे। इस एकीकरण से विश्वविद्यालय के विकास, उद्योग जगत से संपर्क, प्लेसमेंट सहायता और नवाचार जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। कुलसचिव एवं वाइस प्रेजिडेंट, एलुमनाई एसोसिएशन डॉ. कृष्णकांत ने भी इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विभाग के पुराने और वर्तमान छात्रों के बीच संवाद की निरंतरता बनी रहेगी, साथ ही शैक्षणिक और पेशेवर मार्गदर्शन को बढ़ावा मिलेगा।

**एलुमनी एसो. में पंजीकरण के लिए करेंगे प्रेरित**

*शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र संघ की संस्थान एवं शिक्षा विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. इंदिरा ढुल ने पूर्व छात्र एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एमडीयू एलुमनी एसोसिएशन में पंजीकरण के लिए 94518 रुपए का चेक भी कुलपति को सौपा। उन्होंने कहा कि वे अधिक से अधिक शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र संघ के सदस्यों को एमडीयू एलुमनी एसोसिएशन में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं सचिव, एलुमनाई एसोसिएशन प्रो. रणदीप राणा, खेल निदेशिका डॉ. शकुंतला बेनीवाल, फार्मेसी विभागाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, एलुमनाई एसोसिएशन प्रो. दीपक कौशिक, शिक्षा विभाग के प्रो. जितेन्द्र सिंह समेत शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

# पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप



रोहतक। मीटिंग करते भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा ( सीटू) के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

मुरादपुर टेकना में मकान मालिक द्वारा टाइल-पत्थर मिस्त्री को घर में बंधक बनाकर पैसे और बाइक छीनने के मामले में शिकायत के बावजूद भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन की दी चेतावनी।

यूनियन नेताओं ने बताया कि रोहतक रह रहे टाइल पत्थर मिस्त्री मनोहर ने मुरादपुर टेकना में एक मकान में साल भर पहले टाइल का काम किया था। काम खत्म होने के लगभग 9-10 महीने बाद गत 12 जून को उक्त मकान मालिक ने मिस्त्री के बेटे को नया काम दिलवाने के बहाने फोन करके मोखरा गांव में बुलाया। मोखरा पहुंचने के बाद मकान मालिक उसे बहला फुसला कर मुरादपुर टेकना ले गए और अपने घर में ही बंधक बना लिया। मकान मालिक ने गाली गलोज करते हुए कहा कि तुमने जो साल भर पहले टाइल लगाई थी वह गिर गई उसका भुगतान तुम्हें करना होगा।

इसके बाद मकान मालिक ने जबरदस्ती पीड़ित मिस्त्री के बेटे के गूगल पे से जबरदस्ती अपने खाते में 7000 रुपये डलवा लिए और जिस बाइक से वह उनके पास गए थे, उस बाइक को भी अपने पास रख लिया। इस मारपीट की घटना से भयभीत मिस्त्री के बेटे ने छोड़ने की मिन्नतें मांगी उसके बाद ही मकान मालिक उसे लाहली बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। इस घटना में पीड़ित पक्ष ने उसी दिन पुलिस को शिकायत देकर मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। 5 दिन बीत जाने के बावजूद भी और कार्रवाई न होते देख पीड़ित पक्ष ने भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के पदाधिकारी से मदद की अपील की।

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) रोहतक ब्लॉक की इस मीटिंग की अध्यक्षता रोहतक ब्लॉक उपप्रधान मनोज ने की और संचालन मंटू ने किया।

**मीटिंग में ये रहे मौजूद**

*मीटिंग में भवन निर्माण यूनियन के प्रदेश सचिव कामरेड विनोद, जिला उप प्रधान संजीव सिह, मुन्ना,मदन, मंगेज, मनोहर, महेश, मनीष, मनोज प्रमुख तौर पर मौजूद रहे ।*

## नरेंद्र मोदी ने 11 साल में देश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मोखरा मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश महिला मोर्चा की मंत्री ज्योत्स्ना रोहिला रहीं।

बैठक में बोलते हुए ज्योत्स्ना रोहिला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। यह सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव इसका प्रमाण है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ ने सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमें आने वाले 22 वर्षों में भारत को आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहना है। बैठक को यादगार बनाते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह प्रकृति के प्रति हमारे दायित्व का प्रतीक है।

**ये रहे मौजूद**

*कार्यक्रम में सुभाष बल्हारा, रमेश भाटिया, संदीप डांगी , मनदीप मोखरा, परमजीत बल्हारा, राकेश बल्हारा, बलवान मलिक, कमला मदीना, प्रवेश शर्मा, वीरेन्द्र लिडाना, आशीष सांगवान, नरेश कौशिक, राहुल शर्मा, रघुवीर सेन, रमेश भारद्वाज, रासबिहारी शर्मा, ईश्वर सिंधु, सरपंच जॉनी, नरेश गौड़ आदि मौजूद रहे।*

# गांव सांघी में लगाया नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें लोगों ने आकर अपनी आंखों और जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसके अंदर डॉक्टर अरमान के द्वारा मरीजों की हड्डी और जोड़ों के दर्द की जांच की गई, साथ ही मरीजों के आंखों की जांच की।

जिस दौरान जिन मरीजों को उपचार की जरूरत थी, उनका उपचार किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप के आयोजन का मकसद गांव के लोगों को बेहतर सुविधाएं दे पाना है।

क्योंकि गांव के लोगों को जब भी अच्छा इलाज चाहिए होता है तो शहर में जाना पड़ता है। इसलिए गांव के अंदर ही हड्डी और जोड़ों के दर्द के कैंप के साथ आंखों का जांच कैंप भी लगवाया गया। जिससे सभी को अच्छा उपचार मिल सके। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है। क्योंकि वो गांव के लोगों की समस्या और दर्द से अच्छे से परिचित हैं।



रोहतक। शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर।



महम। समर कैंप में भाग लेते आदर्श स्कूल मदीना के विद्यार्थी।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में 15 दिवसीय समर कैंप समापन

**महम।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम में समर कैंप आयोजित किया गया। समर कैंप 15 दिन तक चला। वाले इस कैंप में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था। इन बच्चों ने कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और योग का अभ्यास किया। राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चों ने ट्रेनिंग ली। स्कूल के डायरेक्टर जयनारायण ने बताया कि इस समर कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास करना और साथ-साथ उन्हें मोबाइल की दुनिया से दूर रखना था। सभी बच्चे सुबह 6:30 बजे से लेकर 8:30 बजे तक मैदान पर पसीना बहाते थे। इस कैंप के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजुलता ने बताया कि इस प्रकार के कैंप का आयोजन वे प्रतिवर्ष करते हैं। इन गतिविधियों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए 20 को होगा अंतिम पूर्वाभ्यास

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल हो तथा योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं
- योग दिवस के लिए जिला में अब तक लगभग 17 हजार योग साधकों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 21 जून को 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तर एवं खंड स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें हजारों योग साधक प्रोटोकॉल के अनुसार योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल हो तथा योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारिया की जा रही है तथा आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

सरकार के निर्देशानुसार 20 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक राजीव गांधी खेल परिसर में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा तथा योग मैराथन का भी आयोजन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 जून को जिला की सभी ग्राम पंचायतों व सभी वार्डों में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आमजन भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। योग दिवस के लिए जिला में अब तक लगभग 17 हजार योग साधकों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करवाया गया है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा खंड स्तर पर संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी योग कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी होंगे। खंड स्तर पर केवल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं, ग्राम पंचायतों व अन्य जनप्रतिनिधियों को भी योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मानसरोवर पार्क में भव्य योग का आयोजन

**रोहतक।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रोहतक में उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। अमर भारत योग सेवा समिति रोहतक की ओर से 21 जून को स्थानीय मानसरोवर पार्क में सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सभी के लिए निःशुल्क रहेगा और आमजन को स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सरदार हवा सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान ऐतिहासिक रहा है। उन्हीं के प्रयासों के फलस्वरूप आज विश्व के 192 देशों ने योग को अपनाया है और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया है।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी रोहतक द्वारा आईएमटी स्थित एसआरएस स्कूल में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 144 की शुरुआत कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू कमान अधिकारी 2 के नेतृत्व में की गई। शिविर में एपीजे चरखी दादरी , महऋषि दयानंद विश्वविद्यालय , जाट कॉलेज , सैनी कन्या विद्यालय, मॉडर्न स्कूल बहादुरगढ़ , राजकीय विद्यालय भली आनंदपुर, राजकीय विद्यालय गांधी नगर, राजकीय विद्यालय बहुअकबरपुर, राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल नेकीराम कॉलेज आदि अनेक संस्थाओं से कुल 550 कन्या कैडेट भाग ले रहे हैं।

शिविर का उद्देश्य कैडेट को सैन्य विषयों का प्रशिक्षण देना है। मंगलवार को कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू ने अपने संबोधन में कैडेटों को सकारात्मकता के साथ टीम वर्क, नेतृत्व अनुशासन आदि गुण सीखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 2 हरियाणा कन्या वाहिनी की प्रशासनिक अधिकारी मेजर रश्मि राय चौधरी , लेफ्टिनेंट बबीता, एसआरएस स्कूल के प्रधानाचार्य सुमित शर्मा, सूबेदार मेजर लालचंद , सूबेदार मेजर वीरसिंह , सीनियर जीसीआई सरोज मलिक , सीनियर जीसीआई संजू यादव सहित अन्य एनसीसी अधिकारी और एनसीसी प्रशिक्षक उपस्थित थे।



रोहतक। शिविर को सम्बोधित करते कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू ।

## इजराइल की लगातार बमबारी और सैन्य आक्रामकता ने 55,000 से अधिक लोगों को मारा

# मानवश्रृंखला बनाकर इजराइली हमलों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गाजा में इजराइली नरसंहार की निंदा- भारत के स्टैंड में परिवर्तन की मांग को लेकर रोहतक के जन संगठनों ने स्थानीय बापू पार्क में सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया पीस एंड सॉलिडेरिटी आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय नेता एवं माकपा पोलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड अरुण कुमार ने कहा कि हम गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली सरकार द्वारा चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध की कड़ी निंदा करते हैं।

अब तक गुजरे बीस महीनों के दौरान, इजराइल की लगातार बमबारी और सैन्य आक्रामकता ने 55,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला है जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। इन हमलों में आवश्यक बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी आश्रयों को जानबूझकर लक्ष्य बनाया गया है। गाजा के लोगों को एक अभूतपूर्व मानवीय तबाही में धकेल दिया है। यह जनसंहार से कम नहीं है। घोर अमानवीय रूख अपनाते हुए इजराइल गाजा में सहायता के प्रवेश से भी इनकार कर रहा है। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय समुद्री इलाके में फ्रीडम फ्लोटिला गाजा के लिए मानवीय सहायता वाले जहाज मैडलीन पर इजरायल के हमले की भी निंदा करते हैं।

हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वे सभी हिरासत में लिए गए अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवकों की रिहाई की मांग करें। गाजा को मानवीय सहायता सुनिश्चित करें और अमानवीय घेराबंदी को समाप्त करने के लिए तुरन्त आह्वान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक मंच रोहतक के कैप्टन शमशेर मलिक और मजदूर नेता सतबीर सिंह ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम का संचालन नागरिक मंच के संयोजक लाभ सिंह हुड्डा ने किया।



रोहतक। बापू पार्क में सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया पीस एंड सॉलिडेरिटी आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय नेता एवं माकपा पोलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड अरुण कुमार ।

**ये रहे मौजूदः** *इस मौके पर सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, किसान सभा के प्रांतीय महासचिव सुमित दलाल, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सह सचिव जयवीर चहल, शिक्षाविद डॉक्टर सुरिंद्र कुमार, रमणीक मोहन, प्रोफेसर प्रमोद गौरी, गांधी स्कूल के संचालक नरेश कुमार, जनवादी महिला समिति की नेत्री राजकुमारी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जगपाल सांगवान, खेमचंद संयुक्त किसान मोर्चा के की सुशीला, प्रदीप हुड्डा, मदवि गैर शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष रणधीर कटारिया, दिशा छात्र संगठन के इंद्रजीत सिंह, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के अमित पूनिया, सीटू की जिला प्रधान कमलेश लाहली, एडवोकेट अतर सिंह हुड्डा, खेत मजदूर यूनियन के संदीप सिंह, प्रकाशचंद्र प्रीत सिंह, निर्माण मजदूरों के नेता मनोज कुमार, पूर्व छात्र नेता वीरेंद्र सिंह मलिक प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।*

### मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी भारत की अलग पहचान : रमेश अत्री

**रोहतक।** आजाद मुल्क भारत में लगातार 11 वर्ष तक नरेंद्र मोदी सरकार की अनगिनत उपलब्धियो के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से अलग पहचान बनी है वही देशवासियों को भाजपा कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा उनकी उपलब्धियो को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल के संयोजक रमेश अत्री ने आसन मंडल के गांव मोरखेड़ी में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया।

**सूचना**

मैं, हरीश सिंहमार पुत्र श्री दलबीर सिंह निवासी गांव सीसर खास, तहसील महम जिला रोहतक-124112 (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरे पिताजी का नाम मेरी कक्षा 10वीं, 12वीं (शैक्षणिक कागजात) में दलबीर सिंहमार है तथा मेरे अन्य कागजात (आधार कार्ड व पैन कार्ड) में मेरे पिताजी का नाम दलबीर सिंह दर्ज है। दलबीर सिंहमार (Dalbir Sinhmar) व दलबीर सिंह (Dalbir Singh) दोनों नाम पिताजी के ही हैं। अब मैंने अपने पिताजी का नाम दलबीर सिंहमार उर्फ दलबीर सिंह रख लिया है। भविष्य में मेरे पिताजी को दलबीर सिंहमार उर्फ दलबीर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।




# नूंह में अवैध लिंग जांच का भंडाफोड़, रोहतक-रेवाड़ी की टीम ने रेड कर एजेंट को पकड़ा, फोन पर 70 हजार रुपये में तय हुआ था सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक, रेवाड़ी और नूंह स्वास्थ्य विभाग टीम ने नूंह में नल्हड़ रोड पर चल रहे भ्रूण लिंग केंद्र का पर्दाफाश किया। जहां रोहतक और रेवाड़ी क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं भ्रूण लिंग जांच कराती थी।

मामले की सूचना पर दो जिलों की स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अल्ट्रासाउंड केंद्र पर छापेमारी की। टीम ने मौके से लिंग जांच करने वाले एजेंट को भी पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

इस मामले में नूंह शहर थाना पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

### टीम ने की छापेमारी

रोहतक के सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र और रेवाड़ी सिविल सर्जन को गुप्त सूचना मिली थी कि नूंह शहर में एक टाउट मोटी रकम के बदले रोहतक और रेवाड़ी सहित आसपास की गर्भवती महिलाओं की लिंग जांच करवाता है। सूचना के बाद दोनों जिले की पीएनडीटी टीम का गठन किया। टीम ने नकली ग्राहक बनाकर टाउट से बात की, जिसके बाद उसने एक अन्य दलाल आशिक से मिलवाया। भ्रूण लिंग जांच के लिए नूंह के बस स्टैंड पर बुलाया गया। इस दौरान फोन पर 70 हजार रुपए का सौदा भी तय हो गया। सोमवार को दोपहर दोनों जिले की पीएनडीटी टीम नूंह पहुंची और नूंह स्वास्थ्य विभाग को इस मामले की सूचना दी।



### टीम में ये रहे शामिल

रोहतक स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉक्टर विश्वजीत राठी जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी, डॉक्टर मोहित गिल चिकित्सा अधिकारी पीएचसी निदाना, बालदिवस तथा रंजीत मौजूद रहे।

### टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई

टीम ने रणनीति के तहत एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बनाया। आशिक ने फर्जी ग्राहक बनी महिला से भ्रूण लिंग जांच के लिए 70 हजार रुपए की मांग की। दोनों पक्षों में सौदा भी तय हो गया। इसके बाद दलाल आशिक महिला को बाइक पर बैठाकर नूंह के नल्हड़ रोड स्थित सूरज अल्ट्रासाउंड पर ले गया।

### फर्जी डॉक्टर ने किया अल्ट्रासाउंड

टीम ने दलाल को सूरज अल्ट्रासाउंड के सामने 70 हजार रुपए दे दिए। जिसके बाद फर्जी महिला अल्ट्रासाउंड करने के लिए अंदर चली गई। वहां एक फर्जी डॉक्टर राजवीर ने महिला का अल्ट्रासाउंड किया और बाहर भेज दिया। इस दौरान टीम पूरी निगरानी कर रही थी। उनके द्वारा बनाए गए फर्जी ग्राहक ने बाहर आकर इशारा किया, तभी टीम ने आरोपी आशिक निवासी दिहाना को रंगे हाथों काबू कर लिया। इसके बाद टीम आरोपी को लेकर अल्ट्रासाउंड सेंटर के अंदर लेकर पहुंची। **मशीन सील की गई:** अल्ट्रासाउंड सेंटर के मालिक राजवीर सिंह से इस बारे में पूछताछ की गई। जिसके बाद पीएनडीटी टीम को अल्ट्रासाउंड सेंटर के पीएनडीटी रिकॉर्ड में अनियमितताएं मिली। इसके साथ ही अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर भी किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर मिले। जांच के बाद टीम ने सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जेनेटिक्स काउंसलिंग डिप्लोमा में एडमिशन को 26 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के जेनेटिक्स विभाग द्वारा संचालित पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जेनेटिक्स काउंसलिंग कोर्स में 26 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कोर्स के लिए पात्रता मानदंडों में जीव विज्ञान में एमएससी, बी. फार्मेसी, एम फार्मेसी, एमबीबीएस, बीडीएस, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग। विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdu.ac.in पर विजिट या जेनेटिक्स विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### समाजसेवी मांगेराम पहलवान का निधन

**रोहतक।** गांव रिठाल नरवाल निवासी समाजसेवी मांगेराम पहलवान का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मांगेराम, कुश्ती के पहलवान थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगमाल नरवाल ने बताया कि उनके पिता अपने समय में वह गांव के खेलों में अग्रणी रहे। विशेषकर कुश्ती दंगलों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने खिलाड़ियों की चोटों का निःशुल्क उपचार कर समाज सेवा में मिसाल कायम की। उनके पोते अंकित ने बॉक्सिंग में विश्व स्तर पर पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। वे जूनियर एशियन चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट भी हैं।

### जिओ फेसिंग एप के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**रोहतक।** जिओ फेसिंग एप के विरोध में कर्मचारियों ने सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र आर्य को महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिला प्रधान विनोद हुड्डा के अध्यक्षता में एमपीएसई एसोसिएशन ने जिला रोहतक सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश चंद्र आर्य को जिओ फेसिंग एप के बारे में विरोध दर्ज कराया। जिला प्रधान विनोद हुड्डा ने बताया किसरकार तुगलकी फरमान जारी कर रही है।

## डीसी ने आधा दर्जन से अधिक गांवों का किया दौरा

# कार्य पूरे होने पर कई सौ एकड़ कृषि भूमि को जलभराव से मिलेगी मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

▪ स्वीकृत कार्यों को हर हाल में 30 जून तक पूरा किया जाए

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में जिला रोहतक के स्वीकृत हुए लघु अवधि के कार्यों को तय समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने मंगलवार को बोर्ड द्वारा स्वीकृत किए गए कार्यों की प्रगति को देखने के लिए जिला के आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का दौरा किया और एक-एक गांव में जाकर चल रहे कार्यों के बारे में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने कहा कि बरसाती जल निकासी के लिए स्वीकृत कार्यों को हर हाल में 30 जून तक पूरा किया जाए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आबादी व खेतों में जल भराव न हो इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में करोड़ों रुपये के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सीजन में इन कार्यों की उपयोगिता साबित होनी चाहिए। उन्होंने सर्वप्रथम दिल्ली-रोहतक सड़क मार्ग पर खेड़ी साध लिंक ड्रेन पर बनाई जा रही पुलिया के कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 182 फुट लंबाई की पुलिया बनाई जा रही है। पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पुलिया के निर्माण पर लगभग 70 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इस पुलिया के बनने के उपरांत बरसाती जल निकासी के कार्य में तेजी आएगी जिसका लाभ गढ़ी बोहर, और ओमेक्स सिटी, खेड़ी साध व पहरावर के लोगों को होगा। खेड़ी साध लिंक ड्रेन का पानी गांव गांधरा ड्रेन में डाला जाता है।




**रोहतक।** गांव मकड़ौली लिंक ड्रेन व मोरखेड़ी में बिछाई जा रही पाइपलाइन के कार्य का निरीक्षण करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह । फोटो : हरिभूमि

### कृषि भूमि जल भराव से बचेगी

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने इसके उपरांत कृषि भूमि को जल भराव से बचने के उद्देश्य से गांव मोरखेड़ी में बिछाई जा रही पाइपलाइन के कार्य का भी निरीक्षण किया। गांव मोरखेड़ी में लगभग ढाई सौ एकड़ कृषि भूमि में बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति बन जाती है। इससे निपटने के लिए इस परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ आसन ड्रेन के पास हौदी बनाकर पंप करके पानी को ड्रेन में डाला जाएगा।

### खेतों की मिट्टी सुरक्षित रहेगी

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गांव बंसी में महम ड्रेन पर आरडी 134300 से लेकर आरडी 137200 तक बनाई जा रही 32 सौ फुट की प्रोटेक्शन वॉल के कार्य का भी निरीक्षण किया। इसके निर्माण पर लगभग 4 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। परियोजना का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य के पूरा होने के बाद किसानों के खेतों की मिट्टी का बहाव नहीं होगा। इसके उपरांत उन्होंने मदीना पंप हाउस लिंक ड्रेन का भी निरीक्षण किया। इस ड्रेन पर भी 1100 फुट लंबी प्रोटक्शन वॉल बनाई जा रही हैं। जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस कार्य पर भी एक करोड़ 21 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च होगी। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजीव राठी, उदयभान सांगवान व एसडीओ मदीना प्रेम सिंह आदि मौजूद थे।

### भालौठ ड्रेन एक करोड़ से बनाई जा रही: उपायुक्त

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने गांव भालौठ में भालौठ ड्रेन पर एक करोड़ की लागत से बनाई जा रही पांच पुलिया के निर्माण का भी जायजा लिया। इस कार्य पर भी एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी। ड्रेन पर चार पुलिया बनाई जा चुकी है, पांचवी का कार्य जारी है। इस परियोजना से भी गांव बोहर, भालौठ व बलियाणा के लोगों को लाभ मिलेगा। इसके उपरांत उन्होंने गांव रिठाल में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कंकरीट वॉल सेक्शन का निरीक्षण किया। लगभग 38 सौ फुट की लंबाई का यह कार्य है। गांव के जोहड़ से लेकर पंप हाउस तक पानी पहुंचाया जाएगा। इस कार्य के होने से गांव की लगभग 450 एकड़ कृषि भूमि को जल भराव से बचाया जा सकेगा। गांव मकड़ौली में मकड़ौली लिंक ड्रेन पर बनाए जा रही पांच पुलियों के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इनके निर्माण पर एक करोड़ 10 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। ड्रेन पर तीन पुल बनाए जा चुके हैं, जबकि दो पर कार्य चल रहा है।

# सीआईए-2 ने तीन को अवैध हथियार सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



सीआईए-2 की टीम ने अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 स्टाफ की टीम रोहतक झज्जर रोड नजदीक जेएनएल नहर के पास गश्त में मौजूद थी। नहर की मायना गांव साइड वाली नहर की पटड़ी गांव पहरावर की साइड से आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रोबिन निवासी गांव गोछी जिला झज्जर हाल शीतल नगर के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल (कट्टा) व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। सीआईए-2 स्टाफ की टीम राजीव गांधी खेल परिसर के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान सनसिटी रोड श्रीआरडी वाटर वर्क्स रोहतक के पास से कर्मवीर उर्फ मक्कड़ निवासी बलियाणा हाल उतम विहार कॉलोनी रोहतक को काबू किया गया। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ अर्बन एस्टेट में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सीआईए-2 स्टाफ की टीम आईएमटी पुल के नीचे गश्त में मौजूद थी। इस दौरान भालौठ नहर के पास पुल के पास से अंकित निवासी बाग वाली गली विजय नगर को काबू किया गया। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ आईएमटी थाना में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# युवक के साथ बुलेट सवार 3 आरोपियों ने की मारपीट, मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना स्टैंड के पास प्रताप चौक पर एक युवक के साथ बुलेट सवार 3 आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घायल किला मोहल्ला निवासी गुरमीत सिंह ने बताया कि वह रात को प्रताप चौक पर टिक्की लेने गया था। इसी दौरान 3 लड़के बुलेट पर आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए पगड़ी को उतार दिया और दाढ़ी को खींचा। गुरमीत सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी उसके साथ मारपीट करते हुए गाली गलौच कर रहे थे। आरोपियों ने लाठी-डंडों के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। गुरमीत ने बताया कि उसके साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को वह जानता है। आरोपियों में बबलू, चीनू और एक अन्य युवक शामिल था। बबलू का भाई सन्नी भी लाठी-डंडे लेकर आया था। चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए घायल किया।

### आरोपियों पर केस दर्ज

एक युवक के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची और घायल गुरमीत की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस मामले में जांच करते हुए आरोपियों की तलाश कर रही है।
*-प्रदीप, एएसआई, पुरानी सब्जी मंडी थाना*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# नगर निगम ने अतिक्रमण करने व गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई के लिए चलाया विशेष अभियान



**रोहतक।** अवैध अतिक्रमण हटाते नगर निगम की टीम।



**रोहतक।** पुराना आईटीआई ग्राउंड का निरीक्षण करते संयुक्त आयुक्त नमिता कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

▪ अभियान आगे कई दिनों तक जारी रहेगा

नगर निगम ने मंगलवार को अतिक्रमण करने वाले एवं गंदगी फैलाने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिए जोरशोर से अभियान चलाया। इस दौरान कई जगह दुकानदारों के चालान किए गए जबकि कई जगह चेतावनी देकर छोड़ा गया।

यह अभियान आगे कई दिनों तक जारी रहेगी। निगम की सख्ती की वजह से दुकानदारों में भय का माहौल बना रहा। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम द्वारा गांधी कैम्प बाजार, अषोका चौक, मैडिकल मोड़, पावर हाउस, दिल्ली चौक, सैक्टर-14 मार्किट आदि क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लगे बोर्ड, बैनर, कुर्सी, तख्त, मेज आदि सामान जब्त किया गया।

नगर निगम की टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र से अवैध रूप से लगे हुए फलैक्स, बैनर हटवाने का विषेश अभियान भी चलाया गया।

### वार्डो में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें

आयुक्त ने बताया गया कि नगर निगम द्वारा सफाई कार्य की निगरानी निरंतर की जा रही है। योजना के तहत शहर में सफाई कार्य किया जाएगा तथा सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमार द्वारा मुख्य मार्गो, पुराना आईटीआई ग्राउंड व कच्चा बेरी रोड का निरीक्षण किया गया ताकि मुख्य मार्गो पर डलने वाले कूड़े के ढेरों को कम करने के लिए योजना जल्द से जल्द तैयार की जा सके। सफाई शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि निरंतर अपने-अपने वार्डो में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंदगी फैलाने वालो व गोबर बहाने वालो के निरंतर चालान किए जाएं। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा कई क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार किया जा सके।

# गांव रुड़की की महिला से 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

▪ पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने में दी

गांव रुड़की एक महिला के खाते से 12 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने में दी। साइबर क्राइम थाने की टीम ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव रुड़की निवासी साक्षी ने बताया कि उनके पति सुधीर बायोमेडिकल इंजीनियर हैं। वह मोबाइल पर टेलीग्राम आईडी चलाती हैं।

12 मई को उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया, जिसे उन्होंने डिलीट कर दिया। इसके बाद लगातार मैसेज आते रहे, लेकिन वह उन्हें डिलीट करती रहीं। साक्षी ने बताया कि 9 जून को टेलीग्राम पर एक लिंक आया, जिस पर उन्होंने अपनी डिटेल भर दी। इसके साथ ही एक अकाउंट नंबर भी डाला। इसके बाद एक और मैसेज आया, जिसमें कहा गया कि आपके अकाउंट में दिक्कत है, इसलिए दूसरा अकाउंट नंबर दें। उन्होंने दूसरा अकाउंट नंबर डाल दिया। साक्षी ने बताया कि आरोपियों के कहे अनुसार वह रुपए डालती रही। कभी 10 हजार तो कभी 17 हजार। आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों में उससे रुपये डलवाए, जो कुल 11 लाख 99 हजार 158 रुपये है। जब पैसे निकालने चाहे तो रुपए नहीं निकले और न ही कोई जवाब मिल रहा। साक्षी ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट व झूठे कागजों के आधार पर खुलवाए गए खातों का प्रयोग कर धोखाधड़ी की है। साक्षी ने टेलिग्राम पर आरोपियों द्वारा भेजे मैसेज व कागज पुलिस को दिए। ताकि साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई राशि वापस मिल सके।

### आरोपी जल्द पकड़े जाएंगे

साइबर क्राइम थाना से जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार ने बताया कि महिला से करीब 12 लाख रुपये ठगी की शिकायत मिली है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी ने जिन खातों में रुपए डलवाए है, उनकी जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।